# बाल सुरक्षा कानून

मर्यादा और सुरक्षा भी आपके मौलिक अधिकार हैं। नियमों को तोड़ने वाले उस व्यक्ति के बारे में आप किसी भरोसेमंद वयस्क को इस तरह बता सकते हैं-

- वह असुरक्षित ढंग से स्पर्श कर रहा/रही है।
- वह कुछ गलत दिखा रहा/रही है।
- अश्लील बातें कर रहा/रही है।

आप तब तक लोगों को बतायें, जब तक कि कोई आपकी बातें सुनकर नियम तोड़ने वाले व्यक्ति को रोकने के लिए कदम न उठाये।

गलती उस उत्पीड़क असुरक्षित व्यक्ति की है, जिसने जानबूझकर समाज के नियम तोड़े। उसको उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए। हमारे कानून में ऐसे लोगों के लिए दंड का प्रावधान है। **POCSO** अधिनियम-**2012** के तहत सभी वयस्क व्यक्तियों को बच्चे के उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज करानी चाहिए, ताकि पुलिस उत्पीड़कों के खिलाफ कार्रवाई कर सके।

आरोपी को तब तक दोषी माना जाता है जब तक वह अपने आपको निर्दोष साबित नहीं करता/करती है। अधिकांश लोग बच्चों की देखभाल करते हैं और स्वयं वे दूसरों के साथ व्यक्तिगत शारीरिक सुरक्षा नियमों का पालन करते हैं। ऐसे भरोसेमंद ही सुरक्षित व्यक्ति हैं।




मेरे भरोसेमंद व्यक्तियों के नामः.......................................................
......................................................................................................

कोई भी बच्चा **CHILDLINE 1098** को फ़ोन करके नियम तोड़ने वाले के खिलाफ शिकायत दर्ज कर सकता है।



SCERT TELANGANA